दैनिक जागरण 18/08/2024

रैली निकालकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

रैली निकालते हुए जीएमएन कालेज के विद्यार्थी। • सौजन्य विज्ञप्ति

जासं • अंबाला : जीएमएन कालेज की एनएसएस यूनिट द्वारा लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया। रैली का थीम जिंदगी जिंदाबाद सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा रहा। स्वयंसेवकों ने नारा लेखन द्वारा लोगों को यातायात के नियमों के बारे में सचेत एवं सावधान किया। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि हर साल सड़क दुर्घटना के कारण मरने वालों का इजाफा दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। शराब पीकर गाड़ी चलाना, मोबाइल चलाते हुए वाहन चलाना, हेलमेट न पहनना इसके मुख्य कारण हैं। कार्यक्रम अधिकारी डा. धर्मवीर ने बताया कि हम सभी को यातायात के नियमों एवं उसके उल्लंघन से होने वाले चालानों के बारे में पता होना चाहिए। डॉ सरोज ने बताया कि पुरुष हों या महिला सभी को गाड़ी में जीवन सुरक्षा बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए ताकि दुर्घटना से बचा जा सके।